*This question paper contains 6 printed pages.*

**2475**

*Your Roll No.* ......................

**LL.B. / V Term** **F**

Paper LB-5034 : INTELLECTUAL PROPERTY LAWS – II

*Time* : 3 hours *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

NOTE:— *Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

टिप्पणी:— इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

*Attempt any five questions.*
*All questions carry equal marks.*

किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. Discuss the doctrine of the 'Sweat of the brow'. Is it different from 'minimal creativity' approach for copyright protection? Discuss both in detail with the help of case law. Explain the copyright, if any, in an idea and head notes of a case.

'कठिन परिश्रम' (sweat of the brow) के सिद्धान्त का विवेचन कीजिए। क्या यह प्रतिलिप्याधिकार संरक्षण हेतु अल्प सृजनता (minimal creativity) नजरिए से भिन्न है? निर्णय विधि की सहायता से दोनों का सविस्तार विवेचन कीजिए। किसी विचार, किसी केस के हेडनोट्स में प्रतिलिप्याधिकार, यदि कोई है, को स्पष्ट कीजिए।

2. Discuss the economic rights of an author in a literary, musical and dramatic work. Critically examine 'John Wiley case' in relation to right to issue copies. How is it different from the issue of copies in publication?

किसी साहित्यिक, संगीतात्मक और नाट्य कृति में रचयिता के आर्थिक अधिकारों का विवेचन कीजिए। प्रतिलिपियाँ जारी करने के अधिकार के बारे में 'John Wiley case' की समीक्षात्मक जांच कीजिए। यह प्रकाशन में प्रतिलिपियों के निर्गम से किस प्रकार भिन्न है?

3. (a) Who is the owner of the copyright in the following cases:

(i) A requests his friend B to take photograph from a given angle in A's cell-phone. B takes the photograph.

(ii) A was commissioned by B on remuneration for writing lyrics for his new album.

(iii) A book written by a teacher, who is permanent employee of Delhi University, on

intellectual property laws in the night and early morning hours.

निम्नलिखित मामलों में प्रतिलिप्याधिकार का स्वामी कौन है:

(i) A अपने मित्र से A के सैल फोन में दिए गए कोण से फोटोग्राफ लेने का अनुरोध करता है। B फोटोग्राफ लेता है।

(ii) A को B द्वारा उसकी नई एलबम हेतु गीत लेखन के लिए पारिश्रमिक पर अधिकृत किया गया था।

(iii) दिल्ली विश्वविद्यालय के अध्यापक, जो एक स्थायी कर्मचारी है, ने बौद्धिक सम्पदा विधियों पर रात्रि तथा सुबह-सवेरे के घंटों में एक पुस्तक लिखी।

(b) Discuss the concept of 'Abridgement of a work' in the light of Macmillan and Company Limited *V.* K and J Cooper case.

Macmillan and Company Limited *V.* K and J Cooper case को ध्यान में रखते हुये 'कृति का संक्षेपण' की संकल्पना का विवेचन कीजिए।

4. (a) Clearly bring out the distinction between "public and private performance/communication" of a work under the copyright laws of India.

भारत की प्रतिलिप्याधिकार विधियों के अन्तर्गत किसी कृति का "पब्लिक और प्राइवेट प्रदर्शन/संसूचन" के बीच सुभेद को स्पष्टतः उजागर कीजिए।

(b) If a performer consents to the incorporation of his performance in a cinematograph film, discuss

whether he loses his rights in respect of his performances. Explain the performer's right under the Copyright Act, 1957 in the light of amendment to the Act in 2012.

यदि कोई अभिनेता अपनी प्रस्तुति को सिनेमेटोग्राफ फिल्म में सम्मिलित करने के लिए सहमत हो जाता है, विवेचन कीजिए क्या वह अपनी प्रस्तुति के बारे में अपने अधिकारों को खो देता है। प्रतिलिप्याधिकार अधिनियम, 1957 में 2012 में हुए संशोधन को ध्यान में रखते हुए उसके अन्तर्गत अभिनेता के अधिकारों को स्पष्ट कीजिए।

5. (a) A process involving an inventive step is an invention. Similarly if a product is substantially improved by an inventive step, it would be termed to be an invention. Discuss the ingredients of an invention and meaning of inventive step under the Patents Act, 1970.

वह प्रक्रिया जिसमें किसी आविष्कारशील कृत्य का समावेश है, आविष्कार होती है। इसी के अनुरूप यदि किसी उत्पाद को किसी आविष्कारशील कदम द्वारा ठोस रूप में सुधारा जाता है तो उसे आविष्कार हुआ कहा जाएगा। पेटेन्ट अधिनियम, 1970 के अन्तर्गत आविष्कार के तत्वों का और आविष्कारशील कदम के अर्थ का विवेचन कीजिए।

(b) Discuss and decide whether the discovery of a new form of known substance in the light of S. 3(d) and plants and animals in whole or any part thereof be an invention to be patentable under the Act.

विवेचन तथा विनिश्चय कीजिए क्या धारा 3(d) की दृष्टि में किसी ज्ञात पदार्थ का नया प्रारूप और पादप तथा जन्तु पूर्णतः अथवा अंशतः उक्त अधिनियम के अन्तर्गत पेटेन्ट किये जाने योग्य आविष्कार हैं।

6. Discuss provisional and complete specifications under the Patents Act, 1970. Explain the law relating to publication of patent application under S. 11A of the Act.

पेटेन्ट अधिनियम, 1970 के अन्तर्गत अस्थायी और पूर्ण विनिर्देशों का विवेचन कीजिए। इस अधिनियम की धारा 11A के अन्तर्गत पेटेन्ट अर्जियों के प्रकाशन संबंधी विधि की व्याख्या कीजिए।

7. Discuss the meaning of "farmer", "propagating material", and "breeder" under the Act. Explain the law relating to registrable varieties under S. 15 of the Protection of Plant Varieties and Farmers' Rights Act, 2001.

उक्त अधिनियम के अन्तर्गत "farmer", "propagation material" और "breeder" के अर्थ का विवेचन कीजिए। Protection of Plant Varieties and Farmers' Rights Act, 2001 की धारा 15 के अन्तर्गत रजिस्ट्रीकरण योग्य किस्मों से संबंधित विधि को स्पष्ट कीजिए।

8. Write short notes on the following:

(i) R.G. Anand *V.* Deluxe Films, AIR 1978 SC 1613 and its contrast with Urmi case of Bombay High Court.

(ii) Discuss briefly special provision for compulsory licences on notifications by Central Government and compulsory licence for export of patented pharmaceutical products.

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए:

(i) R.G. Anand *V.* Deluxe Films, AIR 1978 SC 1613 तथा बम्बई उच्च न्यायालय के उर्मि केस के साथ इसकी विषमता।

(ii) केन्द्रीय सरकार की अधिसूचना पर अनिवार्य लाइसेंसों हेतु तथा पेटेन्टशुदा फार्मास्यूटिकल उत्पादों के निर्यात हेतु अनिवार्य लाइसेंस के लिए विशेष उपबंधों का संक्षिप्त विवेचन कीजिए।